# प्रोफेसर इंद्रनाथ चौधरी का निधन

नई दिल्ली। सस्ता साहित्य मंडल से जुड़े प्रोफेसर इंद्रनाथ चौधरी का मंगलवार को निधन हो गया। वे लंबी बीमारी से जूझ रहे थे। बुधवार (आज) अंतिम संस्कार किया जाएगा।



सचिव और अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने सस्ता साहित्य मंडल को प्रकाशन जगत में प्रतिष्ठा दिलाई। वह अंतरराष्ट्रीय प्रसिद्धि के विद्वान थे। उन्होंने डीयू और दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद में प्रोफेसर के रूप में भी कार्य किया। इसके अलावा उन्होंने साहित्य अकादमी के सचिव, लंदन स्थित नेहरू सेंटर के निदेशक और इंदिरा गांधी सेंटर फॉर आर्ट एंड कल्चर के निदेशक के रूप में भी प्रमुख भूमिका निभाई।